F : fruits with low glycemic index
G : grain with bran
H : herbs like - fenugreek , garlic, haldi
I : ignite the good feeling in friends
J : just enough to fill 3/4 of your stomach in each meal
K : kind words deeds & gestures
L : low fat milk & cheese
M : manage 4 small meals
N : no smoking / tobacco
O : oil balance of SAFA MUFA & PUFA
P : practice & preach good lifestyle
Q : question the validity of un scientific Weight reducing medicines
R : ready to help others
S : sugar monitoring regular
T : tea , coffee in moderation
U : utmost care in foot wear
V : vegetables, in all forms
W : waste management & waist watching
X : X- mas, Diwali, Eid or Gurpurb celebrate all
Y : yes to laughter No to Cribbing
Z : zamaana hum se hai...

खराब जीवन शैली के कुछ नये आयाम

प्रोफेसर श्रीधर द्विवेदी
एमडी, पीएचडी, एफआरसीपी (लंदन)
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
नेशनल हार्ट इंसटीच्यूट, नई दिल्ली–110065

विगत पचास – साठ वर्षों में हमारी दिनचर्या, जीवन शैली और सोच में आमूल चूल परिवर्तन हुआ है। हमारे खान–पान में विविध प्रकार के तम्बाकू युक्त पदार्थ, धूम्रपान, तुरंत भोजन, विभिन्न प्रकार के कोला पेय, पैकेजड और प्रसंस्कारित खाद्य पदार्थ का सेवन, देर रात तक जगने की आदत, कम समय में अधिकतम उपलब्धि के लिये संघर्ष और तनावपूर्ण जीवन यापन की सहजता और भौतिक सुख साधन के प्रति कशमकश, आज के जीवन की कुछ प्रमुख विशेषतायें हैं। आधुनिकतम तकनीकी उपकरणों को प्राप्त करने के लिये मांग कर या उधार लेकर और जरुरत पड़े तो चुराने से भी परहेज नहीं आज की मानसिकता का ज्वलंत पक्ष है। इस जीवन शैली का कुफल यह हुआ है कि आज हम नाना प्रकार की उन बीमारियों से घिरे पड़े हैं जिन्हे अच्छी जीवन शैली अपनाकर हम आसानी से टाल सकते थे।

परेशानी की बात यह है की हम खराब जीवन शैली के नित नये प्रकार के नमूने ढूढ़ लेते हैं जो नये नये रोगों को जन्म देने की क्षमता रखते हैं। ऐसा लगता है मानों तम्बाकू, शराब, तुरंत भोजन, मोटापा, चिंता – ईर्ष्या, व्यायामहीनता, सोने–खाने के समय के प्रति असावधानी आदि दुर्गुण हमारे शरीर को नाश करने के लिये काफी नहीं थे इसलिए हम नये–नये दुर्गुणों की सूची बढ़ाते चले जा रहें है। इन नयी आदतों में प्रमुख हैं –

1. मोबाईल पर बात करने के साथ साथ बाइक चलाना, गाड़ी चलाना, तेजी से फुटपाथ पार चलना, सड़क पार करना। मोबाइल पर बात करने के साथ धड़ल्ले से सीढियाँ उतरना या चढ़ना। इन परिस्थितियों में घातक दुर्घटना या चोट–चपेट की प्रबल सम्भावना रहती है।
2. गर्दन टेढ़ी करके मोबाइल को कान के कर्णपालियों के पीछे खोंस कर सड़क पर बाइक चलाते रहना और बातें करते रहना। ऐसे व्यवहार के चलते गर्दन की हड्डियों में तनाव उत्पन्न होता है और जवानी में स्पॉन्डिलाइटिस का रोग होने का खतरा बना रहता है।
3. लेटे–लेटे या बैठे – बैठे घण्टों स्मार्टफोन, लैपटॉप, कम्प्यूटर के ऊपर आँखें गड़ो कर पत्राचार–वार्ता या चौटिंग करना। इसके कारण आँखों, स्नायुतंतुओं और मस्तिष्क पर अनावश्यक जोर पड़ता है। ऐसे लोगों की तोंद निकल आती है और तोंद निकलने का मतलब है सभी असंचारी रोगों से दो दो हाथ।

   यह सब देखकर किसी व्यंग्य चित्रकार ने कल्पना की है कि आज के हजार साल बाद जो जीवाश्म कंकाल मिलेगा उसके हाथों में स्मार्ट फोन का अवशेष जरूर होगा। आँखों के कटोरे मोबाइल के पट पर केन्द्रि होंगें।
4. चौराहे पर लालबत्ती रहते हुए भी धड़ल्ले से सड़क पार करना। ऐसे में प्राणांतक दुर्घटना हो सकती है।
5. फुटपाथ या सड़क के किनारे ढाबों या ठेलों से जंक भोजन/पूड़ी परौठा/भेलपूरी आदि चिकनाई युक्त भोजन खाना। ज्यादातर ऐसे स्थानों के आसपास परनाला या गन्दा नाला बहता रहता है जिसके अंदर मक्खी, मच्छर और हजारों–लाखों की संख्या में हानिकारक कीटाणु पनपते रहते हैं। ऐसा भोजन विभिन्न प्रकार के पेट के रोग, दिल के रोग और डायबिटीज को जन्म देता है।
6. अपने आफिस से बाहर किसी ठेले पर चाय/काफी पीना और धूम्रपान करना। स्मरण रहें ऐसी आदतें असंचारी रोगों की जड़ हैं।

अत्यंत जीवट वाले प्रेरक लोग

प्रोफेसर श्रीधर द्विवेदी
एमडी, पीएचडी, एफआरसीपी (लंदन)
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
नेशनल हार्ट इंसटीच्यूट, नई दिल्ली–110065

आज की इस भीड़–भाड़ वाली दुनिया में जब किसी को एक दूसरे को जानने – सुनने की फुर्सत नहीं है उस समय यदि कोई जीवट वाला व्यक्ति मिल जाये या दिख जाये जो आपके मन को छू ले और अपनी अमिट छाप छोड़ जाये तो उसके विषय में लिखना जरूरी उत्तरदायित्व बनता है। हो सकता है इन प्रसंगों से कई अन्य लोग भी प्रभावित हों और अपनी जीवन धारा को उसी के अनुरूप ढालने का प्रयत्न करें। आईये मिलते हैं ऐसे कुछ महानुभावों से:

1. सेहत के प्रति समर्पित युगल:

'क' पिछले तीस साल से अधरंग (आधा अंग लकवे से कमजोर) से पीड़ित हैं। घर में डाका पड़ा और बदमाशों ने उनके सर पर मुद्गर से प्रहार किया। सर फैट गया। दाहिने प्रमस्तिष्क में सांघातिक चोट लग गयी। पन्द्रहियों अचेत रहे। जीवन की आशा खतम हो चुकी थी लेकिन गहन चिकित्सा और ईश्वर का आशीर्वाद धीरे धीरे उनकी स्थिति में सुधर होने लगा। चोट इतनी जबरदस्त थी की पूर्ण स्वस्थ होने के बावजूद बायाँ हाथ – पैर अशक्त हो चुका था। किन्तु वाह री उनकी मनस्विता और दृढ़ इच्छाशक्ति वह विगत तीस साल से नियमित सैर करते हैं और तेजी से चलते हैं। सेवानिवृत्ति के बाद भी उनका सैर–व्यायाम का क्रम नियम से चल रहा है। यही नहीं वह अपनी पत्नी जो शरीर से अत्यंत भारी हैं। चलने में कष्ट होता है। घुटने साथ नहीं देते। इसके बावजूद उन्हें अपने साथ प्रेरित करके ले आते हैं। वे अत्यंत सरल हृदया हैं। परम स्थूलता के बावजूद नियमित सैर करती हैं। मैं अक्सर देखता हूँ महाभागा के शरीर से पसीना चू रहा है फिर भी वे अपने सैर के क्रम से विमुख नहीं होती। सामने पड़ जाने पर सौजन्यतावश मुस्करा कर अभिवादन स्वीकार करती है। वाह री महाभागा ! मैं सेहत के प्रति शत प्रतिशत समर्पित इस युगल को मन ही मन नमन करता हूं।

इसी प्रसंग के साथ यदि मैं शेर–शेरनी, युगल – गिट्टे तथा दक्षिण – दम्पति की चर्चा न करूँ तो सैर पथ में अक्सर भेंट होने वाले इन दंपतियो की सेहत के प्रति सतर्कता और मानवीय संबंधों की गूढ़ता वाली बात अधूरी रह जायेगी। इसे फिर कभी बताऊँगा।

2. 'पार्किन्सोनिज्म' की विवशता:

'ख' की उम्र 70 से ऊपर होगी। बाल खिचड़ी हैं। चेहरे पर तेज टपकता है परन्तु उनके हाथों में उठते कम्पन, चेहरे की भावशून्यता, झुकी कमर, चाल की शैली और बाहुओं की जड़ता 'पार्किन्सोनिज्म' की तरफ इशारा करती है। शायद भूल भी जाते हैं। एक दिन अपना मोबाईल सैर पथ में भूल गये थे। किसी साधु प्रकृति के सहयात्री ने कठिन खोज बीन के बाद उन्हें वापस कर दिया। इस उपकार के बाद वे उन सज्जन को देखते ही एक क्षीण मुस्कान से स्वागत करना नहीं भूलते हैं। तमाम सारी विकलताओं के बावजूद 'ख' नियमित सैर करते हैं। सामने पड़ने पर नमस्कार करने पर एक मंद हँसी से जवाब देने का प्रयत्न करते हैं।

3. पोलियो अपनी जगह आत्म विश्वास अपनी जगह:

'ग' 40–45 साल के आस पास के होंगे। उनका बायाँ हाथ पोलियो ग्रस्त है। दाहिने की अपेक्षा बिलकुल पतला और कमजोर है। चलते समय या व्यायाम करते समय बायें हाथ को दाहिने हाथ से सहारा देते रहते हैं पर उनका नियमत: तेज गति से चलना और व्यायाम नौजवानों को दांतो तले ऊँगली दबाने को विवश कर देता है।

4. स्वच्छता का निस्वार्थ रूप:

'घ' की उम्र 55 वर्ष के करीब होगी। पेशे से व्यापारी हैं। उनके दोनों घुटनों में सूजन है। दर्द करते हैं। उनको आराम देने के लिये घुटनों पर टोपी पहनी हुई है। पर घूमने और आस–पास की सफाई के प्रति इतने

समर्पित हैं कि हाथों में दस्ताने पहन कर पूरे सैर पथ में जगह जगह बिखरी प्लास्टिक की थैलियां या बोतलें इकठ्ठा कर उन्हें विभिन्न कूड़ा पात्रों में डालतें हैं। कहाँ मिलेंगे ऐसे निस्पृह लोग ? मेरे मन में 'घ' के प्रति सहज ही असीम श्रद्धा उत्पन्न होती है। उनको देखते ही मुझे बरबस बचपन में लखनऊ की पुरानी गली वाले एक प्राइमरी के मास्टर साहेब की याद आ जाती है। बड़े बुजुर्ग उन्हें टिक्कू जी के नाम से बुलाते थे। बच्चे व किशोर बड़े आदर भाव से मास्टर साहेब कहते थे। उनके पिताजी घोर सनातनी पंडित थे। स्पर्शास्पर्श का विचार रखने वाले व्यक्ति। मजाल कोई उन्हें छू ले। पर मास्टर साहेब अपने सफाई के मिशन में मशगूल सबेरे सबेरे पूरी गली साफ करते थे। वह आजादी के तुरंत बाद का समय था। लोगो के मन में इस प्रकार के देश हित से सम्बंधित कामों को करने का जूनून था। परन्तु आज के भौतिकतावादी युग में जहाँ सबको अपने मतलब से मतलब हो उस समय अपनी शारीरिक कठिनाइयों के बावजूद कोई रोज निस्वार्थ भाव से नियम पूर्वक सफाई अभियान में लगा रहे वह वस्तुतः अनुकरणीय और सराहनीय बात है। (क्रमशः)

हृदयाघात का घाव

प्रोफेसर श्रीधर द्विवेदी
एमडी, पीएचडी, एफआरसीपी (लंदन)
वरिष्ठ हृदय रोग विशेषज्ञ
नेशनल हार्ट इंसटीच्यूट, नई दिल्ली–110065

1. हृदयाघात का घाव

सैर का अभाव,
मोटापे का प्रभाव,
तम्बाकू से लगाव,
अत्यधिक तनाव,
सब्जी फल का अभाव,
हृदयाघात का घाव।

2. हृदयघात तेहिं पाहिं

जे नर करहिं न कठिन श्रम योग सैर कछु नाहिं,
पियहिं तमाखू मदिर रस हृदयघात तेहिं पाहिं।

3. करहिं हृदय को खार

धूम्रपान सुर्ती सकल पुंगी* गुटक बहार,
ई –सिगरेट हुक्का सबै करहिं हृदय को खार।

*पुंगी का मतलब सुपाड़ी से है। सुपाड़ी किसी भी तरह से ली जाये चाहे अकेले या पान अथवा अदृश्य रूप में पान मसाले अथवा गुटके में मिश्रित चूर्ण की भांति। सुपाड़ी हृदय के लिये, मुंह के लिये और दांतों के लिए अत्यंत हानि कारक पदार्थ है। इसका काफी दिनों तक प्रयोग डायबिटीज को जन्म देता है।

4. गैस के वेश में आया हृदयाघात

गैस का कष्ट आपके प्राण नहीं लेता परन्तु गैस के रूप में आया हृदयाघात (दिल का दौरा) प्राणलेवा जरूर हो सकता है। इसकी उपेक्षा या स्वयं चिकित्सा कदापि न करे किसी योग्य डाक्टर से परामर्श तुरंत करें क्योकि हृदयाघात में एक एक क्षण क्षण कीमती होता है। समय पर किया गया उपाय अथवा न किया गया प्रदास प्राण रक्षक या प्राण हन्ता हो सकता है। कभी–कभी हृदय का दर्द गैस की तरह मालूम होता है। हृदयाघात के विषय में एक प्रसिद्ध सूत्र है – 'समय में चिकित्सा हृत्पेशी की सुरक्षा'। प्रश्न यह है की दिल के दौरे में गैस जैसी तकलीफ क्यों होती है ? ऐसा तब होता है जब हृदयाघात हृदय के अधर/निचले भाग को प्रभावित करता है और रोगी यह समझता है कि उसे पेट में गैस की तकलीफ हो रही है। इसके लिए वह वह गैस शामक दवाईयां या तो स्वयं लेता है या किसी नीम हकीम व्यक्ति अथवा किसी डाक्टर से फोन पर पूछ कर या दिखा कर कुछ गोलियां या सिरप ले लेता है। कभी कभी उसे क्षणिक आराम भी मिल जाता है। पीड़ित इसी मुगालते में रहता है और हृदयाघात की चिकित्सा का स्वर्णिम समय उसके हाथ से निकल जाता है। बाद में जब पता चलता है गैस जैसी यह दिक्कत उसे दिल के दौरे के कारण हुई है तब तक बहुत बिलम्ब हो चुका होता है। एक कहावत है – 'अब पछिताये का होत है जब चिड़ियाँ चुग गयी खेत'।

FOODS HIGH IN URIC ACID

By Nutrition Awareness Service CDRS

Studies have shown that foods high in uric acid play a major role in the development and aggravation of diseases such as gout. In conjunction with a healthy lifestyle and changes in diet, it can actually be easier to manage than many people believe, as long as the sufferer is willing to make some significant changes in their eating habits.

Gout is a painful disease that is most common in men, especially older men, but can also affect women. It is caused by a condition called hyperuricemia, which means that there is actually too much uric acid in the blood. While uric acid is actually a waste product left over from metabolism of chemical compounds called purines, it can also be found in some foods and alcohol.

Diets to reduce uric acid are extremely helpful in lowering levels of uric acid in the body, and will usually involve reducing or cutting out foods that have high levels of purines.

Normally, uric acid is eliminated from the body by the kidneys and a bit of hyperuricemia usually does very little harm. In fact, most people with high levels of uric acid in the blood never develop gout. However, some people are more sensitive to high levels of uric acid, and their bodies will form crystals that accumulate in the joints and cause painful gout symptoms.

The main goals of treatment for gout are relieving the chronic pain that comes with this disease as well as prevention of future gout attacks. Left untreated, it can also lead to long term problems like joint destruction and, ultimately, kidney damage. Diets to reduce uric acid also benefit gout sufferers by helping them lose weight, which has also been shown to help lower concentrations of uric acid in the blood.

Foods containing uric acid and the compounds that metabolize into uric acid include most animal meats, such as beef, pork and seafood. *Poultry and ham, the "white meats," can have some degree of purine content and should be eaten very sparingly, but they are not as detrimental as the "red meats."* Bacon, however, is very high in purines due to the processing used to make it ready for human consumption and should be avoided. *Alcohol and breads which contain yeast are also foods high in uric acid that should be kept out of the diet.*

Black cherry juice, also known as sour cherry or bitter cherry, is also being used in great quantities to help relieve the symptoms of gout in conjunction with diets to reduce uric acid. Celery seed extract and bromelain are some popular alternative medicine remedies that have been used as natural anti-inflammatories and have been well received by those who suffer chronic inflammation. *Adding eicosapentaenoic acid (EPA) and folic acid to the diet can also assist in reducing inflammation in gout episodes.*

By eliminating some foods high in uric acid from the diet, many gout sufferers have found some measure of relief from their pain and taken back control over their bodies that they feel had been taken away from them. Diets to reduce uric acid are also quite beneficial in conjunction with other natural therapies such as heat therapy and acupuncture, and many people are reporting a definite decrease in pain and other symptoms simply by making a few changes to their diet and lifestyle.

CONTROLLING YOUR BLOOD PRESSURE THROUGH LIFESTYLE

From the desk of **Dr. Vinod K. Gujral**

What does my lifestyle have to do with my blood pressure? — The things you do and the foods you eat have a big effect on your blood pressure and your overall health. Following the right lifestyle can:

- Lower your blood pressure or keep you from getting high blood pressure in the first place.
- Reduce your need for blood pressure medicines.
- Make medicines for high blood pressure work better, if you do take them.
- Lower the chances that you'll have a heart attack or stroke, or develop kidney disease.

Which lifestyle choices will help lower my blood pressure? — Here's what you can do:

- Lose weight (if you are overweight).
- Choose a diet rich in fruits, vegetables, and low-fat dairy products, and low in meats, sweets, and refined grains.
- Eat less salt (sodium).
- Do something active for at least 30 minutes a day on most days of the week.
- Limit the amount of alcohol you drink.

If you have high blood pressure, it's also very important to quit smoking (if you smoke). Quitting smoking might not bring your blood pressure down. But it will lower the chances that you'll have a heart attack or stroke, and it will help you feel better and live longer.

Start low and go slow — The changes listed above might sound like a lot, but don't worry. You don't have to change everything all at once. The key to improving your lifestyle is to "start low and go slow." Choose 1 small, specific thing to change and try doing it for a while. If it works for you, keep doing it until it becomes a habit. If it doesn't, don't give up. Choose something else to change and see how that goes.

Let's say, for example, that you would like to improve your diet. If you're the type of person who eats cheeseburgers and French fries all the time, you can't switch to eating just salads from one day to the next. When people try to make changes like that, they often fail. Then they feel frustrated and tend to give up. So instead of trying to change everything about your diet in 1 day, change 1 or 2

small things about your diet and give yourself time to get used to those changes. For instance, keep the cheeseburger but give up the French fries. Or eat the same things but cut your portions in half.

As you find things that you are able to change and stick with, keep adding new changes. In time, you will see that you can actually change a lot. You just have to get used to the changes slowly.

Lose weight — When people think about losing weight, they sometimes make it more complicated than it really is. To lose weight, you have to either eat less or move more. If you do both of those things, it's even better. But there is no single weight-loss diet or activity that's better than any other. When it comes to weight loss, the most effective plan is the one that you'll stick with.

Improve your diet — There is no single diet that is right for everyone. But in general, a healthy diet can include:

- Lots of fruits, vegetables, and whole grains.
- Some beans, peas, lentils, chickpeas, and similar foods.
- Some nuts, such as walnuts, almonds, and peanuts.
- Fat-free or low-fat milk and milk products.
- Some fish.

To have a healthy diet, it's also important to limit or avoid sugar, sweets, meats, and refined grains. (Refined grains are found in white bread, white rice, most forms of pasta, and most packaged "snack" foods.)

Reduce salt — Many people think that eating a low-sodium diet means avoiding the salt shaker and not adding salt when cooking. The truth is, not adding salt at the table or when you cook will only help a little. Almost all of the sodium you eat is already in the food you buy at the grocery store or at restaurants (figure 1).

The most important thing you can do to cut down on sodium is to eat less processed food. That means that you should avoid most foods that are sold in cans, boxes, jars, and bags. You should also eat in restaurants less often.

To reduce the amount of sodium you get, buy fresh or fresh-frozen fruits, vegetables, and meats. (Fresh-frozen foods have had nothing added to them before freezing). Then you can make meals at home, from scratch, with these ingredients.

As with the other changes, don't try to cut out salt all at once. Instead, choose 1 or 2 foods that have a lot of sodium and try to replace them with low-sodium choices. When you get used to those low-sodium options, find another food or 2 to change. Then keep going, until all the foods you eat are sodium-free or low in sodium.

Become more active — If you want to be more active, you don't have to go to the gym or get all sweaty. It is possible to increase your activity level while doing everyday things you enjoy. Walking, gardening, and dancing are just a few of the things that you might try. As with all the other changes, the key is not to do too much too fast. If you don't do any activity now, start by walking for just a few minutes every other day. Do that for a few weeks. If you stick with it, try doing it for longer. But if you find that you don't like walking, try a different activity.

Drink less alcohol — If you are a woman, do not have more than 1

"standard drink" of alcohol a day. If you are a man, do not have more than 2.

A "standard drink" is:

- A can or bottle that has 12 ounces of beer.
- A glass that has 5 ounces of wine.
- A shot that has 1.5 ounces of whiskey.

Where should I start? — If you want to improve your lifestyle, start by making the changes that you think would be easiest for you. If you used to exercise and just got out of the habit, maybe it would be easy for you to start exercising again. Or if you actually like cooking meals from scratch, maybe the first thing you should focus on is eating home-cooked meals that are low in sodium.

Whatever you tackle first, choose specific, realistic goals, and give yourself a deadline. For example, do not decide that you are going to "exercise more." Instead, decide that you are going to walk for 10 minutes on Monday, Wednesday, and Friday, and that you are going to do this for the next 2 weeks.

When lifestyle changes are too general, people have a hard time following through.

Now go. You can do it!

डेटिग और मधुमेह

इस बारे में कुछ कामयाब नुस्खे निम्नलिखित हैं:

1. अपने रोग को छुपाएं नही, बताने के लिए समय का इंतजार करें। पहली ही मुलाकात में अपने मधुमेह ग्रस्त होने के बारे में बताने की जल्दी न करें, पर अत्यधिक देर भी न करें। मतलब जितना जल्द बता सकें बतायें।
2. ईमानदार बनें। अपनी/अपने प्रिय को बतायें कि मधुमेह के साथ आप कैसा जीवन बिता रहे है और भविश्य से आपकी क्या अपेक्षाएं हैं।
3. मधुमेह देखभाल में अपने प्रिय को भी शामिल करें। अपने मित्र/प्रेमी/प्रेमिका को कार्बोहाइड्रेट की गणना और उच्च और निम्न ब्लड शुगर देखभाल के बारे में बताये। साथ ही उसे अपने ब्लड शुगर के बारे में तथा इंस्युलिन पंप के बारे में भी बतायें। कभी–कभी अपने साथी से अपना ब्लड शुगर नापने या इंस्युलिन पंप कार्टिरिज साफ करने में सहायता करने के लिए कहें। डॉक्टर से जांच के लिए मिलते जाते समय कभी–कभी उसे भी अपने साथ ले जायें। मधुमेह से जुड़े कार्यों में जितना संभव हो सके उसे शामिल करने का प्रयत्न करें। कुल मिलाकर उसे इस प्रकार प्रशिक्षित करें जैसे किसी मधुमेह रोगी को किया जाता है।
4. धैर्य बनाये रखें। सीख्ने के लिए हमारे पास हमेशा काफी कुछ बचा रहता है। आपको पूरा जीवन मधुमेह की देखभाल के लिए कुछ न कुछ सीखना पड़ेगा। साथ ही आपके साथी को भी इसमें शामिल होने पड़ेगा।

ऐसे कदम उठाकर आप दोनों एक दूसरे के प्रति संबंधों को न केवल मजबूत बनायेंगे बल्कि भविश्य के लिए भी अपने संबंधों कों पुख्ता करेंगे। यदि आप दोनों ईमानदार खुले विचारों, मधुमेह के प्रभावों के बारे में सचेत और सूचित व्यक्ति हैं तो निश्चय ही मधुमेह आप दोनों के संबंधों के बीच कभी दीवार नहीं बनेगी। इससे एक व्यक्ति के और एक युगल के रूप में आपकी चारित्रिक विशेशताएं और मजबूत बनेंगी। इससे आप दोनों के बीच के संबंध मजबूत बनेंगे और आपको एक दूसरे से पहले की अपेक्षा और नजदीक लायेंगे।

Answer these questions?
Know your own Heart Risk during next 5 years!

1. Your Gender	:	r MALE	r FEMALE		
2. Your Age	:	r 25-35	r 36-45	r 46-55	r 56-75
3. Do You Smoke / have smoked till 1 year back	:	r Yes	r No		
4. Family History (blood relative) of heart attack	:	r Yes	r No		
5. Existing, Recent past heart disease, Stroke	:	r Yes	r No		
6. Diabetes	:	r Yes	r No		
7. No Diabetes but Fasting Blood sugar	:	r more than 100mg%			
8. Your Waist Size	:	Male :	r <38"	r >38"	
		Female :	r <35"	r >35"	
9. What is your Systolic (upper BP)	:	r <130/80	r >130/85		
10. Are you taking Medicine for high BP	:	r Yes	r No		
11. What is your : Total Cholesterol	:	r <180	r >180		
12. What is your : LDL	:	r <100	r >100		
13. What is your : HDL	:	r >45	r <40		

Please send us your answers we will get back to you.

NHI Dialogue

(The Quarterly Feature Health Magazine of
National Heart Institute &
Cardio Diabetes Research Society)

The Circulation :

"Free, more than 10,000 copies circulated to Consultants, Primary Physicians & GPs in Delhi & NCR and all over India".

"Issues to be released in January, April, July & October".

Advertisement Tariff: w.e.f. 1st June 2016

THE PHARMA / NON PHARMA Ads.	
Front Inside Cover (Colour)	Rs. 33,000/-
Back Inside Cover (Colour)	Rs. 33,000/-
Centre Spread (Colour)	Rs. 55,000/-
Full Page (Colour)	Rs. 22,000/-
Full Page (B/W)	Rs. 11,000/-
Half Page (Colour)	Rs. 13,500/-
Half Page (B/W)	Rs. 8,500/-
Book Mark	Rs. 11,000/-

Contact : Dr. Vinod Sharma - vinodsharma@nhi.in
drvs1994@rediffmail.com

All Payments in advance !
Chief Editor reserves the right to cancel the booking of any page !
Matter for publication to be sent as CD, at least 3 weeks before the publication date !

THE DISCOUNT POLICY :
NGOs, DMA, IMA, CDRS, CSI, API, RSSDI : 50%

PHARMA & NON PHARMA :
15% on 4 issues Advance
25% on 6 issues Advance
50% on 8 issues Advance

Cheque / DD favouring : Cardio Diabetes Research Society.

मधुमेह : मिथक और वास्तविकता

हमारे बीच मधमेह रोग और उसके उपचार के बारे अनेक भ्रतिंया और गलत बातें फैली हुई हैं जिनमें कुछ उदाहरण निम्नलिखित हैं

- **चीनी के अधिक सेवन से मधुमेह रोग होता है**
- **मधुमेह के सभी रोगियों को इंस्युलिन लेना जरूरी है**
- **मधुमेह के रोगी को बहुत कम भोजन करना चाहिए :**
- **मधुमेह से पीड़ित महिलाएं मां नहीं बन सकती**

मिथक

मधुमेह रोग केवल अमीरों को ही होता है

वास्तविकता

मधुमेह रोग किसी भी व्यक्ति को हो सकता है। यह रोग किसी व्यक्ति की आमदनी और पृश्ठभूमि नहीं देखता। शरीर की आवश्यकता से अधिक भोजन करने और शारीरिक व्यायाम से विमुख रहने से कोई भी व्यक्ति मधुमेह टाइप 2 के जोखिम की परिधि में आ सकता है।

मिथक

मधुमेह और मोटापा आनुवंशिक होते हैं इसलिए उचित आहार और व्यायाम की बात करना बेकार है

वास्तविकता

स्वस्थ जीवने के लिए उचित आहार और व्यायाम बहुत ही महत्वपूर्ण कारक हैं। इन्हीं के अभाव में मधुमेह जैसे रोग को आने, पनपने और फैलने में मदद मिलती है। शोध से यह पता चला है कि जिन लोगों और परिवारों में मधुमेह फैलता है उनमें उचित आहार ओर व्यायाम के प्रति लंबे समय तक लापरवाही बरती गई है। यदि ऐसा न हुआ होता तो मधुमेह से बचा जा सकता था।

मिथक

बच्चों को मधुमेह नहीं होता

वास्तविकता

मधुमेह टाइप 1 केवल बच्चों में ही पाया जाता है। भारत में मधुमेह टाइप 2 अधिकतर वयस्क काल में होता है। लेकिन इधर अत्यधिक मोटे बच्चों में भी 9 वर्श की अवस्था से ही मधुमेह होता पाया गया है।

मिथक

मधुमेह टाइप 2, मधुमेह टाइप 1 की तुलना में कम दुखदायी होता क्योंकि इसमें इंस्युलिन का प्रयोग नहीं करना पड़ता

वास्तविकता

हालांकि मधुमेह टाइप 1 व 2 दोनों ही उपचारणीय रोग है लेकिन यदि समय रहते इनका उपचार न किया जाए तो यह भविश्य में शरीर को बहुत नुकसान पहुंचा सकते हैं।

मिथक

मधुमेह टाइप 2 के रोगियों को इंस्युलिन लेने की आवश्यकता नहीं होती

वास्तविकता

यदि मधुमेह टाइप 2 काफी पुराना और शरीर के लिए जोखिमशील हो जाए तो शरीर में ब्लड शुगर को नियंत्रित करने और कारगर स्तर पर बनाए रखने के लिए मधुमेह टाइप 2 में भी इंस्युलिन का प्रयोग करना पड़ सकता है।

मिथक

इंस्युलिन लेने से उसकी आदत बन जाती है और बाद में इससे और तकलीफें बढ़ सकती हैं

वास्तविकता

इंस्युलिन लेना तभी जरूरी होता है जब वह शरीर की आवश्यकता बन जाए, और इसके प्रयोग से हुदय, गुर्दों और आंखों को जटिल रोगों से बचाया जा सके।

मिथक

मधुमेह रोग से ग्रस्त लोग खेलों में भाग नहीं ले सकते

वास्तविकता

मधुमेह, ब्लड शुगर, कोलोस्ट्रोल आदि के नियंत्रण के लिए शारीरिक गतिविधियां बेहद जरूरी हैं। निम्न ब्लड शुगर से बचने के लिए कुछ सावधानियां बरतनी होती है। ऐसा करके आप अपना पसंदीदा खेल खेल सकते हैं। अनेक खिलाड़ी मधुमेह होते हुए भी खेलों में भी नाम कमा रहे है।

मिथक

मधुमेह रोग से ग्रस्त व्यक्तियों के लिए चावल, आलू, तथा जमीन के नीचे पैदा होने वाली सब्जियां, व मीठे फल निशेध होते हैं

वास्तविकता

संतुलित आहार में सभी वर्गों से आहार सम्मिलित किए जाते हैं। वसा (दूध, सूखे मेवे), कार्बोहाइड्रेट, (ब्रेड/रोटी, अनाज, सब्जिया, फल, चावल, आलू) और प्रोटीन (मछली, फलियां, अंडे),और आम, अंगूर, केले जैसे फल भी सीमिति मात्रा में खाये जा सकते हैं

मिथक

चीनी के स्थान पर शहद का प्रयोग किया जा सकता है

वास्तविकता

मधुमेह रोगियों के लिए शहद भी चीनी से बेहतर नहीं होती। दोनों को कभी–कभी और सीमित मात्रा में इस्तेमाल किया जा सकता है

मिथक

इंस्युलिन और दवा की अधिक मात्रा लेकर अधिक भोजन किया जा सकता है

वास्तविकता

दवाएं कभी भी आहार नियंत्रण का विकल्प नहीं हो सकतीं। इस तरह की मिथ्या बातों पर अमल करने से आपका वजन बढ़ेगा और रोग की पेचीदिगियां बढ़ेंगी।

मिथक

मधुमेह में शराब पीना एकदम मना है

वास्तविकता

भोजन के साथ सीमित मात्रा में अल्कोहल का प्रयोग बुरा प्रभाव नहीं डालता। हां, खाली पेट शराब पीने, अथवा काफी मात्रा में शराब का सेवन कुछ ही घंटों में ब्लड शुगर के स्तर को काफी कम कर सकता है

मिथक

बुखार और संक्रमण के इलाज के दौरान इंस्युलिन और मधुमेह की दवाओं को रोका जा सकता है

वास्तविकता

इस तरह की बीमारियों में अक्सर ब्लड शुगर बढ़ जाती है, इसलिए भोजन के आकार और प्रकार को देखते हुए इंस्युलिन और मधुमेह की दवाओं की मात्रा कम या ज्यादा करनी चाहिए। ऐसे में घर पर ही शरीर में ब्लड शुगर के स्तर में होने वाले उतार चढ़ाव की भी लागातार परीक्षा करते रहनी चाहिए।

मिथक

घास में नंगे पावं चलने से मधुमेह को नियंत्रित किया जा सकता है

वास्तविकता

इसमें पैरों के तलवों में चोट लगने और कीड़ों से कटने का खतरा रहता है। दोनो के द्वारा संक्रमण हो सकता है। मधुमेह रोगियों के तलुओं में संवेदना की कमी के कारण संभव है चोट लगने पर फौरन उसका पता न चले जो बाद में चलकर बढ़ा घाव बन सकता है और पैरों में गैंग्रीन तक फैल सकता है।

Indian Ethnicity Tied to Higher Diabetes Risk

NEW YORK (Reuters Health) - Americans of Indian descent may have a heightened risk of diabetes, even when their weight is in the normal range, research suggests.

Researchers found that among more than 7,400 Asian Americans in a national health study, ***those of Indian descent had roughly three times the risk of diabetes as U.S. whites as a whole, and a higher prevalence of the disease than people of other Asian ethnicities.***

Moreover, although type 2 diabetes is closely associated with obesity, Asian Indians' risk began to climb even at lower weights.

Among those with weights in the normal range - as measured by body mass index (BMI), a ratio of weight in relation to height - about 7 percent had diabetes. That compared with rates of anywhere from 2 percent to 4 percent among whites and people of other Asian ethnicities.

Among obese adults - as defined as a BMI of 30 or higher - one-third of Indian adults had diabetes. Among other ethnicities, the rate ranged from 12 percent to 17 percent.

The reasons for the findings are not entirely clear, Dr. Reena Oza-Frank and colleagues at Emory University in Atlanta point out in the journal Diabetes Care.

However, the researchers note, ethnic differences in body fat levels and body fat distribution may play a role.

Studies have shown that compared with people of other races and ethnicities, Asians tend to have a higher proportion of body fat at any given weight - along with a higher type 2 diabetes risk.

It's possible that people of Indian background are particularly likely to have body fat distributions - including more abdominal fat - that are closely associated with diabetes, according to Oza-Frank and colleagues.

Some studies, the researchers note, have suggested that this may be a factor in the higher diabetes risk seen in Indian adults compared with Europeans.

Because Asian adults tend to have more body fat - and, therefore, greater health risks at relatively lower weights - the World Health Organization (WHO) has proposed lowering the threshold for how "overweight" is defined in Asian populations.

The standard definition of overweight is a BMI of between 25 and 30; the WHO recommendation sets that at 23 to 27.5 for Asians.

However, the current findings, Oza-Frank and colleagues write, suggest that for Asian Indians, "ethnicity alone may be as informative as BMI with regard to diabetes risk."

They call for more research into the "complex relationships" among body size, body fat and disease risks across different Asian populations.

NATIONAL HEART INSTITUTE

49-50 Community Centre, East of Kailash, New Delhi-110065
Phones : 91-11-46600700, 46606600, 26414156,
26414157, 26414075,26525849
26225845, 26428373, 26428374
Fax : 26428372, E-mail : contact@nhi.in
Website : www.nationalheartinstitute.com

24 Hrs. Help line : 65900900, 65900000

35th Year of Excellence...

Deptt. of Nephrology: Renal Clinic, Dialyses & Critical Care
Deptt. of Urology : Prostate & Kidney Surgery
Endoscopic Stone Removal
Deptt. of Oncology : Cancer Surgery & Chemotherapy

Mission -
"Provide Superior, Compassionate and Innovative Cardiac Care to prevent and treat diseases maintaining highest standards in safety and quality"

Department of Cardiology-
Cardiology OPD, Intensive Coronary Care, Coronary Angiography Angioplasty, Congenital Heart Disease, Pacemaker Implantation.

Department of Cardio-Vascular Surgery-
Bypass Surgery, Valve Surgery, Congenital Heart Disease operations, Carotid Surgeries, Peripheral Vascular Surgery and Endovascular & Stenting Procedures.

Department of Diabetes & Life style Disorders-
Diabetes Clinic, Thyroid Clinic, Foot Care Clinic, Weight Management Counseling, Diabetes Emergency Care, Diet Counseling.

Department of Internal Medicine

Department of Pulmonology & Sleep Medicine-
Chest Clinic, Sleep Lab, Apnea Therapy, Lung Function Tests.

Department of Radiology - All X-Rays, Ultrasounds & CT Scan.

Deptt. of Nuclear Medicine - Gamma Camera.

Department of Pathology & Microbiology - All investigations.

Executive Health Check-up Packages.

Free outdoor and Indoor Treatment for underprivileged.

www.diabetesheartcare.com

CARDIO DIABETES RESEARCH SOCIETY

(Registered under Socities Act XXI of 1860 vide. No. S-52780 (2005))
Secretariat : National Heart Institute, 49-50 Community Centre, East of Kailash
New Delhi-65 Ph. : 011-26225845, Fax : 011-26428372, email: drvs1994@rediffmail.com

(A Voluntary Organisation For Prevention of Heart, Diabetes & Lifestyle Diseases)

Aims & Objectives :

- To create awareness in masses about heart problems, specially in diabetes patients.
- To evaluate diabetes patients who are at high risk of heart diseases.
- To organize Free / affordable treatment for Diabetes & Heart Ailments.
- Health Education to General Public.
- Continuing Medical Education to Practicing Doctors.
- Free Clinics for Heart & Diabetes.
- Concessions for Tests & treatment at various Organizations & Hospitals.
- Regular Magazine for the General Public.
- Organise Camps for Screening of Diabetes & Heart Diseases.

Founder Members

Dr. A. K. Jhingan	:	Chairman
Dr. Vinod Sharma	:	Gen. Secretary
Dr. R. L. Passi	:	Treasurer
Dr. O. P. Yadava	:	Chairman Scientific
Dr. Shikha Sharma	:	Chairperson Nutrition
Dr. Pankaj Aneja	:	Vice President
Dr. B. M. Makkar	:	Chairman Obesity Control